WORK SHOP

Department of Commerce organized Two days workshop on the **financial education program “KONA KONA SHIKSHA”** by NISM Faculty members from Hisar On 23.02.2023.

दयानन्द महाविद्यालय में वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम ‘कोना-कोना शिक्षा’ पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पाठकपक्ष न्यूज
हिसार, 24 फरवरी : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के वाणिज्य विभाग द्वारा आज वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम ‘कोना-कोना शिक्षा’ पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में ‘एन.आई.एस.एम.’ के सदस्य श्री अरूण पूनिया ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को आज के इस आधुनिक युग में वित्तीय शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वित्त से सम्बन्धित सही निर्णय लेने के लिए पूंजी बाजार के बारे में शिक्षित होना आवश्यक है। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि कार्यशला विद्यार्थियों को वित्तीय शिक्षा की जानकारी के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर ढूंढने में मदद करेगी। महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू राठी ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों तथा अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला के दोपहर के सत्र में एन.आई.एस.एम. की वक्ता श्रीमती पदमा ने विद्यार्थियों को विस्तार से कार्यशाला के महत्व को प्रैक्टिकल के माध्यम से समझाया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर हिसार भास्कर 24-02-2023

'कोना-कोना शिक्षा' पर दो दिनी वित्तीय कार्याशाला में बताए गुर

पूंजी बाजार से शिक्षित होना जरूरी : पूनिया

सिटी रिपोर्टर • डीएन कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने गुरुवार को वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम 'कोना-कोना शिक्षा' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें 'एन.आई.एस.एम.' के सदस्य अरूण पूनिया ने विद्यार्थियों को आज के इस आधुनिक युग में वित्तीय शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वित्त से सम्बन्धित सही निर्णय लेने के लिए पूंजी बाजार के बारे में शिक्षित होना आवश्यक है।

कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि कार्यशाला विद्यार्थियों को वित्तीय शिक्षा की जानकारी के साथ-साथ

रोजगार के नए अवसर ढूंढने में मदद करेगी। विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू राठी ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों तथा अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला के दोपहर के सत्र में एन.आई.एस.एम. की वक्ता श्रीमती पदमा ने विद्यार्थियों को विस्तार से कार्यशाला के महत्व को प्रैक्टिकल के माध्यम से समझाया।

वित्त से सम्बन्धित सही निर्णय लेने के लिए शिक्षित होना जरूरी : पूनिया

नभ-छोर न्यूज ▸▸ 23 फरवरी

हिसार। दयानंद महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आज वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम 'कोना-कोना शिक्षा' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में एनआईएसएम के सदस्य अरूण पूनिया ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को आज के इस आधुनिक युग में वित्तीय शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वित्त से सम्बन्धित सही निर्णय लेने के लिए पूंजी बाजार के बारे में शिक्षित होना आवश्यक है। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि कार्यशला विद्यार्थियों को वित्तीय

शिक्षा की जानकारी के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर ढूंढने में मदद करेगी। महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू राठी ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों तथा अतिथियों का स्वागत किया। वक्ता पदमा ने विद्यार्थियों को विस्तार से कार्यशाला के महत्व को प्रैक्टिकल के माध्यम से समझाया।

दयानन्द महाविद्यालय में आयोजित 'कोना-कोना शिक्षा' दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 25 फरवरी : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के वाणिज्य विभाग द्वारा वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम 'कोना-कोना शिक्षा' पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि कार्यशाला में विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण उनकी उच्चतर शिक्षा व आजीविका कमाने में लाभदायक सिद्ध होगा। उन्होंने कार्यशाला के सफल समापन के लिए वाणिज्य विभाग को बधाई दी। कार्यशाला के दौरान आयोजित परीक्षा में 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया और 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके वाणिज्य विभाग द्वारा प्रदान की गई गुणवतापूर्ण शिक्षा का प्रमाण दिया। इस अवसर पर मौजूद वाणिज्य विभाग की विभागाध्क्षा डॉ. रेनू राठी ने 'एन.आई.एस.एम.' के सदस्यों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनका धन्यवाद किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को 'एन.आई.एस.एम.' द्वारा प्रमाणित प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।